दिनांक 10.06.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

जल संरक्षण पर सेक्टर 4 में हुई कार्यशाला बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए सामने

भिलाईनगर/ सेक्टर 4 जलाराम मंदिर में सभागृह में भिलाई नगर निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के सामने गुजराती समाज के सैकड़ो लोगो ने जल संरक्षण करने की शपथ ली। सकल गुजराती समाज दुर्ग (जिसमे दुर्ग- भिलाई से लेकर कुम्हारी तक समस्त गुजराती समाज के सभी संगठन शामिल है) ने पहल कर क्षेत्र में जल संरक्षण का बीड़ा उठाया है। इसी श्रृंखला में उन्होंने निगम की टीम को वाटर हार्वेस्टिंग पर परिचर्चा के लिये आमंत्रित किया था। रविवार को सकल गुजराती समाज के द्वारा कराये गए सम्मेलन में अनेक गुजराती भाइयो ने रेनवाटर हार्वेस्टिंग करने के लाभ व उनके द्वारा प्राप्त किये गए अच्छे परिणाम के बारे में बताया इसी कार्यक्रम में इंजीनियर मधुर चितलांग्या ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से रेन वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी , व लोगों की शंकाओं का समाधान किया। वही निगम के अजय शुक्ला ने पानी बचाने की व्यवहारिक जरूरत के बारे में आत्म मंथन करने के लिए कहा। भिलाई नगर निगम के आयुक्त एस. के सुंदरानी ने बारिश के जल को सीधे टंकीयो में इकट्ठा कर उपयोग करने के बारे में लोगो को प्रेरित किया। अपने सार गर्भित भाषण में उन्होंने लोगो को बताया कि जीवन में प्रकृति के निकट जाने पर असीम आनंद प्राप्त होता है। अपने उद्बोधन में उन्होंने जल संरक्षण के अलावा कचरे के निपटान के बारे में जानकारी दी। डेंगू से बचाव, पर्यावरण संरक्षण, नदी, नाले को साफ रखना व बचपन में मिली सीख से प्रेरणा के बारे में भी बताया। संस्था के अध्यक्ष रजनी भाई दवे ने लोगो से जल संरक्षण के पुनीत कार्य में जुड़ने का आव्हान किया तो तुरंत जलाराम सेवा मंडल समाज वैशाली नगर , जलाराम मंदिर बापू नगर, गुजरती समाज भवन सेक्टर 4, श्री प्रकाश जशानी भिलाई 3, भरत पटेल खुर्सीपार, ललित पंड्या, संजय भट्ट नेहरूनगर, रमेश परमार वैशाली नगर, मेहुल कार्ड से मेहुल सेजपाल, किरण परमार, पंकज वड़ोदारिया इन इन लोगो ने वाटर हार्वेस्टिंग के लिये अपनी सहमति दी। कार्यक्रम का बेहतरिन संचालन गिरीश भाई सावरिया ने किया। इस कार्यक्रम में सकल गुजराती समाज दुर्ग के अध्यक्ष श्री रजनी भाई दवे, दीपक चावड़ा उपाध्यक्ष , नारायण भाई राठौड़, प्रकाश जशानी, लक्ष्मण वरु, राहुल पटेल , अर्जुनलाल भाई राठौड़ ,कच्छ गुर्जर समाज दुर्ग से नारायण भाई एवं पदाधिकारी गण,महिला मंडल से श्रीमती जयश्री बेन एवम कमेटी मेंबर तथा युवमंडल के दीपक चावड़ा एवम पूरी कमेटी, लोहाणा महाजन समाज से राकेश राजा एवम कमेटी के सदस्य , दुर्ग पटेल समाज के सदस्य , वैशाली नगर समाज जलाराम सेवा मंडल से संजय भाई नथवाणी , महिला मंडल से नम्रता बेन दत्ताणी, कमेटी कच्छ समाज से रमेश परमार , महिला मण्डल से भगवती बेन तथा युवा मण्डल से केतन यादव एवं कमेटी, नेहरू नगर से भरत भाई पड़िया एवं कमेटी मेंबर, गुजराती समाज सेक्टर 4 से रेखाबेन दवे एवं महिला मण्डल के सदस्यगण, हाउसिंगबोर्ड के कमिटी मेंबर, जामुल से प्रकाश भाई

पटेल तथा सदस्यगण , खुशाल मेहता, रीता चतुर्वेदी, हरि ओम चैहान इत्यादि गणमान्य सदस्य भी उपस्थित थे।

जल है तो कल है जल ही जीवन है !